# रिश्वत लेते पकड़ा गया नगर सैनिक, प्र आरक्षक भी आरोपी

## मैहर के देहात थाने में थे तैनात, लोकायुक्त रीवा की टीम ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना 12 अगस्त. मैहर जिले के देहात थाने में दर्ज प्रकरण में और धाराएं न बढ़ाने के लिए 10 हजार रु की रिश्वत मांगी जा रही थी. जिसे देखते हुए मामले की शिकायत लोकायुक्त रीवा कार्यालय में कर दी गई. नतीजतन लोकायुक्त रीवा की टीम ने देहात थाने में तैनात नगर सैनिक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया. जबकि इस मामले में शामिल रहे प्रधान आरक्षक को भी आरोपी बनाया गया है.**

पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त रीवा सुनील कुमार पाटीदार से प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर जिले के देवरा गांव के निवासी 32 वर्षीय युवक आनंद कुमार कुशवाहा द्वारा शिकायत की गई थी. आनंद ने बताया कि उसके विरुद्ध मैहर जिले के देहात थाने में प्रकरण दर्ज है. जिसमें और अधिक धाराएं बढ़ाने की बात प्रधान आरक्षक 196 श्यामलाल चौधरी और नगर सैनिक 204 बृजेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा बार बार कही जा रही थी. जिसे देखते हुए आनंद ने और अधिक धाराएं नहीं बढ़ाने के लिए प्रधान आरक्षक से निवेदन किया. लेकिन प्रधान आरक्षक ने स्पष्ट कर दिया कि धाराएं नहीं बढ़ाई जाएंगी, लेकिन इसके एवज में उन्हें 10 हजार रु की रिश्वत देने पड़ेगी. कोई चारा न देख आनंद ने मामले की शिकायत लोकायुक्त रीवा में कर दी. शिकायत प्राप्त होने पर एसपी



लोकायुक्त श्री पाटीदार द्वारा सत्यापन कराया गया. सत्यापन के दौरान प्रधान आरक्षक ने साढ़े 5 हजार रु ले लिए. लिहाजा शिकायत की पुष्टि होते ही प्रधान आरक्षक को रंगे हाथ पकड़ने के लिए व्यूहरचना तैयार कर ली गई. जिसके अनुसार शिकायतकर्त्ता आनंद को रिश्वत की शेष राशि साढ़े 4 हजार के साथ बदेरा थाने में भेज दिया गया.

इस दौरान आनंद ने जैसे ही रिश्वत की रकम नगर सैनिक बृजेंद्र कुमार मिश्रा को सौंपने के बाद इशारा किया. वैसे ही पहले से तैयार लोकायुक्त की टीम ने नगर सैनिक को दबोच लिया. जिसके बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई. उक्त कार्रवाई निरीक्षक लोकायुक्त उपेंद्र दुबे के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम ने की.

### प्र आरक्षक के विरुद्ध भी साक्ष्य

मंगलवार को लोकायुक्त की टीम द्वारा की गई कार्रवाई में भले ही प्रधान आरक्षक श्याम लाल चौधरी को रंगे हाथ न दबोचा जा सका हो. लेकिन बावजूद इसके इस मामले से प्रधान आरक्षक के बच निकलने की संभावना कम ही नजर आ रही है. लोकायुक्त के अनुसार रिश्वत मांगे जाने को लेकर प्रधान आरक्षक के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य हैं. जिसके चलते ही उसे भी इस मामले में अइारोपी बनाया गया है. दोनों ही आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है.



# महिलाओं पर बेरहमी से हमले का वीडियो वायरल

## चुरहट थाना में एफआईआर दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीधी, 12 अगस्त. चुरहट थाना अंतर्गत ग्राम भेलकी 822 पोस्ट मोहनिया में महिलाओं पर बेरहमी के साथ हुए हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।**

घटना मंगलवार की है, जब ओमप्रकाश शुक्ला, सुशील त्रिपाठी और रामकुमार त्रिपाठी तीनों आरोपियों ने सरोज तिवारी व उनकी पुत्री प्रिया तिवारी के ऊपर हमला कर दिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि आरोपियों ने महिलाओं को बाल पकड?र खींचा और मारपीट की। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे संदीप तिवारी ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद पीड़ितों की जान बच सकी। पीड़ित परिवार ने चुरहट थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई न होने के कारण उनका हौसला बढ़ा हुआ है। अब वीडियो वायरल होने के बाद लोग पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### क्या था पूरा मामला

चुरहट थाना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार फरियादिया सरोज तिवारी पति कृष्णकुमार तिवारी उम्र 50 वर्ष निवासी भेलकी 822 ने कहा है कि 12 अगस्त 2025 की सुबह 5 बजे देखा तो उसके पुराने घर की ओसारी खोदी हुई थी। जिस पर वह गुहार लगाना शुरू की। सुबह करीब 8 बजे घर के सामने ही ओमप्रकाश शुक्ला, रामकुमार तिवारी, सुशील कुमार तिवारी पहुंचे और घर खोदने की बात कर गाली-गलौच करने लगे। इनके द्वारा लाठी-डंडा से उसके ऊपर हमला किया गया। जिस पर बेटी प्रिया तिवारी बचाने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में बेटा संदीप कुमार तिवारी को भी हांथ-मुक्का से मारपीट की गई। बाद में लोगों के बीच-बचाव से आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए गए।

# वोट चोरी कर प्रदेश में बनी बीजेपी की सरकार, नहीं तो कांग्रेस की बनती : उमंग

## पत्रकारवार्ता में नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना, उठाए सवाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अगस्त, मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे. यहा मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में बीजेपी ने फर्जी तरीके से जनमत हासिल किया है. वोट चोरी कर बीजेपी की सरकार बनी है. अगर फर्जी मतदाता सूची नही होती तो कांग्रेस की सरकार बनती.**

चुनाव से पहले सर्वे में ऐसा क ोई मीडिया नहीं था, सभी कह रहे थे कि कांग्रेस की सरकार बन रही है, लेकिन चुनाव परिणाम आया तो सब उलट-पलट गया. नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राहुल गांधी गलत नहीं कह रहे हैं. बीजेपी ने लोकतंत्र की हत्या की है. राहुल गांधी की बात काटने का मुंह बीजेपी के पास नही है. उन्होंने जो प्रमाण दिया है, चुनाव आयोग में दम है तो उसकी जांच करानी




चाहिए. शपथ पत्र की बात करके चुनाव आयोग देश को गुमराह कर रहा है. अपनी गलतियों को छिपा रहा है. किसानो की बात उठाते हुए उन्होने कहा कि आज किसान खाद के लिये परेशान है. खाद की कालाबाजारी हो रही है लेकिन किसानो को खाद नही मिल रही है पर सरकार के कान में जूं तक नही रेंग रही. प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं क ी बदहाली का जिक्र करते हुए उमंग सिघार ने कहा कि प्रदेश में सात सौ करोड़ की अमानकदवा सरकार ने खरीदा है. रीवा, बालाघाट, इंदौर, भोपाल से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में अमानकदवाएं मरीजों को दी जा रही है. बालाघाट के जिला अस्तपाल में बुखार में बच्चों को दी जाने वाली पैरासिटामॉल सिरप जांच रिपोर्ट में अमानकपाई गयी. इसी तरह क ोटेक हेल्थके यर क ी मल्टी विटामिन दवा अमानक पाई गयी. संजय गांधी अस्पताल रीवा में गर्भवती महिलाओं को ब्यूपी बेके निकरिस्थैटिक इंजेक्शन लगाया गया, जिससे महिलाओं क ी याददाश्त चली गयी. सरकार को चाहिए कि जो कंपनी अमानक दवाएं बना रही हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करें. लेकिन सरकार जांच में लीपापोती करना जानती है.

### ओबीसी आरक्षण भाजपा सरकार रोक रही : कमलेश्वर

पत्रकारवार्ता में कांग्रेस के सीडब्ल्यूसी मेंबर कमलेश्वर पटेल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ओबीसी वर्ग का सबसे अधिक नुकसान भाजपा के कार्यकाल में हुआ है. ओबीसी वर्ग को मिलने वाले लाभ को रोकने का काम यह सरकार कर रही है, जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस की ओर से लड़ाई लड़ी जा रही है.

### प्रदेश में अपराध और अत्याचार बढ़ा है

उन्होने कहा कि प्रदेश की बीजेपी सरकार के राज में अत्याचार और अपराध बढ़ा है. अब तक 66 हजार रेप के मामले सामने आए है जो अपने आप में रिकार्ड है. 23 हजार महिलाए लापता है, नेता प्रतिपक्ष ने कहा प्रदेश में किसान खाद के लिये परेशान है और यह सरकार आम जनता की बात नही सुनना चाहती है. एकसवाल केजवाब में उन्होने कहा एक चोर कुछ चीजे चुराता है लेकिन राजनीतिक चोर आपका भविष्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार चुराएगा और यह काम प्रदेश में बीजेपी सरकार क र रही है. युवाओं को रोजगार न मिले इसलिए परीक्षा नहीं करा रहे और किसी तरह परीक्षा होती है तो उसे अवैध घोषित कर देगे. परीक्षा परिणाम न आए इनके ही आदमी कोर्ट चले जायेगे. आवश्यकता इस बात की है कि ऐसे राजनीतिक चोरो को समझे और सतर्क रहे.

# अधूरी नहर में डूबने से छात्र की मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अगस्त, गढ़ थाना अन्तर्गत मंगलवार ईटहाई गांव में बनी अधूरी नहर ने एक छात्र की जान ले ली. 11 अगस्त को छात्र अशेष यादव दोपहर घर से निकला था और जब वह नही लौटा तो परिजनो ने तलाश शुरू की. नहर के पास पैंट और पर्स पड़ा मिला. जिसके बाद गढ़ पुलिस को सूचना दी गई और दूसरे दिन मंगलवार को नहर में शव मिला. पूरे गांव में मातम छा गया.**

सोमवार को अशेष कुमार यादव पिता रामबहोर यादव घर से दोपहर में निकला था और वापस न होने पर



परिजनो ने तलाश शुरू की और रात 9 बजे गढ़ पुलिस को सूचना दी. नहर के पास कपड़े मिलने पर रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया गया.

लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्कयू नही हो पाया. सुबह ग्रामीण और स्थानीय गोताखोरो ने मिलकर खोजबीन की. लेकिन सुबह 11 बजे तक कोई शव नही मिला और 12 बजे जैसे ही पानी कम हुआ अशेष का शव दिखाई दिया जिसे बाहर निकाला गया और पीएम के लिये भेजा गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

# कलेक्टर एवं अधिकारी-कर्मचारी साईकिल से पहुंचे कार्यालय

## विधायक , सीडा अध्यक्ष एवं ननि अध्यक्ष ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। आज दिन मंगलवार को कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश, एसडीएम सृजन वर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी साईकिल से कार्यालय पहुंचे।**

राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में सभी अधिकारी-कर्मचारी एकत्रित होकर कलेक्टर के नेतृत्व में साईकिल चलाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और सप्ताहित जनसुनवाई में शामिल हुए । कलेक्ट्रेट



प्रांगण में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय ने इस पहल के लिए कलेक्टर सहित अधिकारी-कर्मचारियों का फूल बरसा कर स्वागत किया। वहीं जनसुनवाई में साईकिल से आए हुए आवेदकों का कलेक्टर ने स्वयं फूल बरसा कर स्वागत कर उनकी समस्याओं से अवगत होने के पश्चात संबंधित अधिकारियों से निराकरण कराया गया।

# सहकारी विपणन संघ अमिलिया के प्रबंधक को नोटिस

नवभारत न्यूज

**सीधी,12 अगस्त. उपखण्ड अधिकारी सिहावल प्रिया पाठक द्वारा अमिलिया वितरण केंद्र पर हो रही अनियमितता एवं वितरण कुप्रबंधन के दृष्टिगत विपिन कुमार बैगा प्रबंधक म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित अमिलिया को नोटिस जारी किया जाकर 3 दिवस के भीतर जवाब देने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।**

विभिन्न सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के सम्बन्ध में स्थानीय अमले,थाना अमिलिया को प्रेषित शिकायत एवं उप संचालक कृषि द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर कुछ किसानों द्वारा भण्डारण केंद्र अमिलिया के कैश काउंटर की खि?की पर बल प्रयोग किया गया जिसके तारतम्य में गोदाम प्रभारी बिपिन बैगा की शिकायत पर पुलिस बल द्वारा उनको हटाया गया है। उप संचालक कृषि द्वारा पूर्व में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सभी किसानो से अपील की गई है कि किसान भाई यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया स्पे करें। नैनो यूरिया फसल के लिए अधिक प्रभावी है कम मात्रा में पर्याप्त पोषण देता है और लागत भी घटाता है।उन्होंने सभी किसान भाइयों एवं बहनों से अपील की है कि उर्वरक उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन प्रतिबद्ध है इसलिए कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वितरण केंद्रो पर शांति एवं धैर्य का परिचय देने का आग्रह है। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार उर्वरक आपूर्ति के प्रयास जारी है,कृषि विभाग जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध करने के लिये हर संभव कदम उठा रहा है। दिनांक 11 अगस्त 2025 को भी अमिलिया डबल लांक केन्द्र से लगातार यूरिया एवं फास्फेटिक उर्वरक 20:20:0:13 वितरण किया गया। साथ ही अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सिहावल संयुक्त रूप से निरीक्षण कर सुनिश्चित किया गया कि कोई अव्यवस्था न हो एवं उर्वरक वितरण का कार्य सुचारू रूप से हो। अनुविभागीय कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि यूरिया वरिगवां रेक प्वाइट से 600 मै.टन यूरिया प्राप्त हो जायेगा, जो डबललांक केन्द्र एवं समितियों में किसानों के लिये उपलब्ध रहेगा।

# धुम्माडोल मार्ग में अवैध रेत के साथ ट्रैक्टर जब्त

## बिना नम्बर के साथ ट्रैक्टर पकड़ाया, सरई पुलिस की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। सरई पुलिस ने धुम्माडोल पुलिया के पास घेराबंदी करते हुये एक बिना नम्बर ट्रैक्टर को दबोचते हुये अवैध रेत के साथ जप्त कर बीएनएस के विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।**

सरई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिरों के जरिये बीती सोमवार के मध्य रात टीआई जितेन्द्र सिंह भदौरिया को सूचना मिली कि बिना नम्बर का एक नीले रंग का सोनालिका ट्रैक्टर धुम्माडोल मार्ग से



अवैध रेत लेकर परिवहन करने जा रहा था। टीआई ने एसपी एवं एसडीओपी देवसर को जानकारी देते हुये पुलिस टीम के साथ धुम्माडोल पुलिया के पास पहुंच घेराबंदी कर ट्रैक्टर को जप्त कर थाने लाया, जहां चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा 303 (2), 317(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। उक्त कार्रवाई में टीआई के अलावा प्रआर लक्ष्मीकांत साहू, आर रिंकू धाकड़, तेज प्रताप उईके एवं शिवम पाठकर की भूमिका सराहनीय रही।

# नशाखोर युवक की पिटाई

**सिंगरौली 12 अगस्त।** कोतवाली बैढ़न के चन्द कदम दूर मल्हार पार्क के समीप शारदा लॉज के सामने आज दोपहर करीब 12 बजे एक नशाखोर युवक दुकानदारों के साथ गाली गलौज करने लगा। जहां नशाखोर की दुकानदारों ने पटक-पटक कर सबक सिखाया। इस दौरान शहर के कानून व्यवस्था पर भी लोग सवाल उठाने लगे। दरअसल मल्हार पार्क के समीप शारदा लॉज के सामने फुटपाथ दुकानदार को नशाखोर युवक अभद्र गाली गलौज करने लगा। जहां स्थानीय व्यापारियों ने पहले समझाया-बुझाया और बात न मामने पर उसकी धुनाई करने लगे। पिटाई के समय युवक का नशा ऊतर गया और वह भाग खड़ा हुआ ।

# अत्यधिक शराब पीने से युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 12 अगस्त। जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम सहुआर निवासी एक युवक अत्यधिक शराब पीने से दम तोड़ दिया। जिसका शव आज दिन मंगलवार को एक मेढ़ के खाई में मिला है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सहुआर निवासी माधव साहू पिता गहरू साहू उम्र 23 वर्ष बीते दिन कल सोमवार को बच्चा पैदा होने के खुशी में एक घर से 1 हजार रूपये



लेकर निकला और जमकर कर शराब पिया और रात वापस घर नही आया।

आज दिन मंगलवार की अल सुबह सूचना मिला कि माधव साहू मेढ़ के नीचे खेत में गिरा हुआ है। जहां परिवार जन पहुंच देखा कि वह दम तोड़ चुका था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।

# आरोपियों के कब्जे से 67 हजार का गांजा व बाइक जब्त

नवभारत न्यूज

**सीधी, 12 अगस्त. पथरौला पुलिस की कार्यवाही में 2 आरोपियों को गांजा के साथ गिरफ्तार कर बाइक जप्त किया गया है। इनके कब्जे से 67 हजार रूपए कीमत के**

गांजा व बाइक जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मड़वास उप निरीक्षक भूपेश बैस के नेतृत्व में, चौकी प्रभारी पथरौला उप निरीक्षक प्रीति वर्मा एवं उनकी टीम ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त



दो आरोपियों को दबोचते हुए उनके कब्जे से गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस के अनुसार दिनांक 11 अगस्त 25 को चौकी प्रभारी पथरौला को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति अवैध गांजा बेचने की तैयारी में हैं। सूचना पर रेड कार्यवाही कर अमर तिवारी पिता संतोष तिवारी उम्र 19 वर्ष एवं चंदन यादव पिता बाल मुकुंद यादव उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी खैरी, चौकी पोड़ी, थाना कुसमी, को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से जप्त सामान में गांजा 2 किलो 56 ग्राम कीमत 17 हजार रूपए,मोटरसाइकिल कीमत 50 हजार रूपए शामिल है।

# पत्रकार संतोष पांडेय को मातृ शोक

नवभारत न्यूज

**सतना, 12 अगस्त. सतना के वरिष्ठ पत्रकार संतोष पांडेय की माताजी विद्या पांडेय का सोमवार को इलाज के दौरान संजय गांधी अस्पताल रीवा में निधन हो गया. वो लम्बे अर्से से बीमार चल रही थीं. परिजनों ने बताया कि वह 72वर्ष की थीं, उनका अंतिम संस्कार मऊगंज जिला स्थित गृह ग्राम करह में ज्येष्ठ पुत्र संतोष पांडेय ने किया.**

वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छो? कर गईं।उनके निधन पर मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल, भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी मृगेंद्र सिंह, अगस्त क्रांति मंच के संजोयक कुंज बिहारी तिवारी, करह सरपंच संदीप शुक्ला लाला, मऊगंज जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष संजयधर द्विवेदी, हनुमना के भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला, खटखरी मंडल अध्यक्ष मुद्रिका पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश पांडेय, देवेंद्र पांडेय, संतोष तिवारी, अर्जुन पटेल,



रामानंद पटेल, मनोज द्विवेदी, सरोज द्विवेदी, गिरीश द्विवेदी, दीप द्विवेदी, विनय सिंह, युवराज सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राजेश दुबे, मिथिलेश त्रिपाठी के अलावा सतना के वरिष्ठ पत्रकार डॉ संजय पयासी,राजेश द्विवेदी, विवेक मिश्रा, विनय मिश्रा, राजकुमार बजाज,दिलीप शर्मा के अलावा शैलेन्द्र त्रिपाठी, वीरेंद्र तिवारी, महेन्द्र तिवारी, उमाशंकर तिवारी,अमित द्विवेदी,डीडी शुक्ला, एस आई दीपक तिवारी, टीआई विद्यावारिधि तिवारी, संदीप भारती, सूबेदार अमित विश्वकर्मा, टीआई सनत द्विवेदी समेत तमाम शुभ चिंतकों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की.

# सरकार की मंशा लाडली बहना आत्मनिर्भर एवं सशक्त हों : विश्वामित्र

नवभारत न्यूज

**देवसर 12 अगस्त। मंगल भवन देवसर में लाडली बहना सम्मेलन सह रक्षाबंधन कार्यक्रम विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।**

कार्यक्रम में लाडली बहनों ने मुख्य अतिथि को तिलक लगा कर रक्षासूत्र बांधा गया। मुख्य अतिथि ने बहनों की उन्नति और विकास तथा रक्षा का विश्वास देते हुए सभी लाडली बहनों को उपहार दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में लाडली बहनों का स्वागत एवं



उनकी खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आप लोगों के लिए आवास योजना, आयुष्मान योजना, आजीविका मिशन से अनेकों योजनाएं बनाई हैं, अभी रक्षाबंधन के पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रत्येक लाडली बहन को 250 रुपए उपहार स्वरूप दिया है।

आगे लाडली बहनों को मिलने वाली राशि में भी बढ़ोत्तरी होगी। मुख्य स्थिति ने आगे कहा कि योजना के पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए आप लोगों को परेशान होना पड़ता था, अब योजना के तहत एक निश्चित राशि नियत तारीख को आपके खाते में आ जाती है, जिससे आप अपनी जरूरतें पूरी करती हैं। साथ ही परिवार में आपका मान सम्मान भी बढ़ा है। इस अवसर पर राजमणि प्रजापति सरपंच, आरपी सिंह सीडीपीओ, अरुण द्विवेदी एसडीओ आरईएस, संतोष कोल एसडीओ, शशिकांत तिवारी, पीओ राजेंद्र द्विवेदी उदयभान पाठक स्वच्छता समन्वयक, रावेंद्र द्विवेदी, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्यजन सहित लाड़ली बहना मौजूद रहीं।

# फरार चल रहा ईनामी आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अगस्त, चाकघाट पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे ईनामी आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है. पूंछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया.**

कई मामलो में फरार चल रहे 16000 रूपए के ईनामी आरोपी ऋषी वर्मा पिता छोटे लाल वर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 12 चाकघाट थाना चाकघाट का काफी दिनो से फरार चल रहा था. बडी मसक्कत के बाद मुखबिर व्दारा सूचना मिलने पर चाकघाट पुलिस ने फरार आरोपी को मल्लहटी चाकघाट से गिरफ्तार किया गया. जिसे अभिरक्षा में लेकर बारीकी से पूछताछ कर दो नग चोरी की मोबाइल एवं नगदी बरामद कर जप्त किया गया. पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया.




स्वामी विवेकानंद कॉलेज, पन्ना

डी फार्मा - योग्यता - 12वी (गणित/विज्ञान)

कॉलेज लेवल पंजीयन प्रारंभ

संपर्क करें:- मोबाइल- 7999404729, 8103282168


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99